Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to setup Kendriya Vidyalaya in Guna Parliamentary constituency.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): धन्यवाद सभापति महोदय। मेरा संसदीय क्षेत्र गुना शिक्षा की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के गुना और शिवपुरी जिला मुख्यालय में संचालित केंद्रीय विद्यालयों में छात्रों की संख्या अधिक देखते हुए मेरा निवेदन है कि यहां सुबह की शिफ्ट के साथ-साथ ईवनिंग शिफ्ट भी शुरू की जाए। अशोक नगर जिला मुख्यालय पर केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु एचआरडी मंत्री महोदय द्वारा स्वीकृति दे दी गई है, किन्तु आज तक संबंधित विभाग द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। साथ ही चंदेरी में पिछले दो साल से केंद्रीय विद्यालय संचालित है, लेकिन दुर्भाग्यवश अभी तक विद्यालय के भवन निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है। आपके माध्यम से मैं एचआरडी मंत्री व सरकार से निवेदन करता हूं कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अशोक नगर व चंदेरी में केंद्रीय विद्यालय भवन निर्माण अतिशीघ्र शुरू किया जाए, साथ ही गुना व शिवपुरी में मॉर्निंग शिफ्ट के साथ ईवनिंग शिफ्ट भी शुरू की जाए।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Kuldeep Rai Sharma is permitted to associate with the issue raised by Shri Krishna Pal Singh *alias* Dr. K.P. Yadav.